मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने औरयथोचित मुख स्वास्थ्य से संबंधित व्यवहार अपनाए जाने को प्रोत्साहन देने से सामुदायिक भागीदारी बढ़ेगी, जिससे स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के सभी स्तरों पर दंत चिकित्सीय सेवाओं की माँग बढ़ेगी। दन्त सेवाओं की उपलब्धता तथा इसके उपयोग से स्वास्थ्य प्रणाली में मुख स्वास्थ्य से सम्बंधित आवश्यक अवयव की सुनिश्चितता बढ़ेगी। साथ ही प्रोत्साहन नीतिके नीतिगत निर्णयों के कारण सामुदायिक भागीदारी भी बढ़ेगी। [24-21]

भविष्य निरूपण / भविष्य दृष्टिकोण भारत के प्रत्येक व्यक्ति को मुख स्वास्थ्य से सम्बंधित सभी प्रकार की सेवाएँजैसे सुरक्षात्मक, सम्वर्धनीय, उपचारात्मक तथा पुनर्वसन को गुणवत्तापूर्ण मानकों के अनुरूप उपलब्ध करवाए

जाने की संकल्पना है।इन सेवाओं को प्रशिक्षित मानव संसाधन के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा जो कर्तव्य निष्ठा-, निष्पक्षता और नैतिकता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

.5उद्देश्यऔरलक्ष्य

5.1 उद्देश्य

1. सुरक्षात्मक, सम्वर्धनीय, उपचारात्मक तथा पुनर्वसन सेवाएँ देने के लिए सभी स्तरों पर मुख स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सशक्त करना।
2. मुख रोगों के कारकों को नियंत्रित और कम करने और उनसे बचाव के लिएतथ्यों को एकत्रित करने, नवाचारों और मुख स्वास्थ्य नीति को कार्यान्वित करने में सहायता प्रदान करना।
3. नीतिगत संदर्भों के परिप्रेक्ष्य में अनुसंधान, शिक्षा, कार्यान्वयन और मॉनिटरिंग/ देख-रेख को प्रोत्साहित करना।
4. आवश्यक मुख स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के प्रावधान के लिए कुशल मुख स्वास्थ्य देखभाल, मानव संसाधन की उपलब्धता, और उनकी क्षमता वर्धन के साथसाथ-जन स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करना।
5. जन-स्वास्थ्य, शिक्षा, सामुदायिकभागीदारी से संबंधित राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अंतर्गत नियोजित गतिविधियों के साथ मुख स्वास्थ्य का एकीकरण सुनिश्चित करना।
6. देश में मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाने के लिए अनुसंधान नवाचारों और विश्लेषण के आधार पर प्रमाणीकृत तथ्य के लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राज्य स्तर पर उत्कृष्टता केंद्रों की पहचान करना।
7. राज्यों में सेवा प्रदाताओं के क्षमता निर्माण सहित विभिन्न गतिविधियों के लिए उत्कृष्टता केंद्रों कोसहायता प्रदान करना।
8. राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यान्वयन में सुधार और परिकल्पित परिणामोंको प्राप्त करने के लिए मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग,निर्धारित समय अंतराल पर मूल्यांकन सुनिश्चित करना।
9. प्रत्येक स्तर (राष्ट्रीय, राज्य और क्षेत्रीय स्तर) पर भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को चित्रित करना और प्रत्येक स्तर पर परिभाषित मौखिक स्वास्थ्य परिणाम उपायों के साथ प्राप्त करने योग्य लक्ष्य विकसित करना

5.2 परिणामात्मक लक्ष्य

नीति के अंतर्गत ऐसे लक्ष्यों का निर्धारण किया गया है जो कि तथ्यपरक रूप से उल्लेखित करते हुए संख्यात्मक परिणामों के साथ सम्बद्ध प्रदान कराये। राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य नीति की यह रणनीति है कि जन स्वास्थ्य प्रणाली के माध्यम से आंकड़े एकत्रित किए जाएँगे जिसको विश्लेषित कर अपेक्षित परिणाम प्राप्त किए जा सकेंगे।

5.2.1 मुखस्वास्थ्यकीस्थितिकाआँकलनऔरनिर्धारण

1. वर्ष 2025 तक देश मे मुख से संबंधित रोगों के आंकड़ों के सतत विश्लेषण हेतुतथ्य संग्रहण हेतु आधारभूत संरचना स्थापित करना।
2. वर्ष 2030 तक दंत और ऑरोफाशीयल रोगों से होने वाली रुग्णता और मृत्यु दर को %15तक कम करना।

5.2.2स्वास्थ्यप्रणालीनिष्पादन

1. वर्ष 2030 तक सार्वजनिक मुख स्वास्थ्य सुविधाओं के उपयोग में प्रति ज़िला कम से कम %50तक की वृद्धि।
2. वर्ष 2025 तक स्वास्थय देखभाल सुविधायों के माध्यम से समुदाय आधारित जागरूकता कार्यक्रमों कीपहुँच और मुख स्वास्थ्य हेतु प्रक्रियाओं में %50तक वृद्धि; और वर्ष तक 2030 %70तक वृद्धि।

5.2.3मुखस्वास्थ्यप्रणालीकासुदृढ़ीकरण

वर्ष 2025 तक प्रत्येक स्वास्थय और वेलनेस केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुनिश्चितसुरक्षात्मक, सम्वर्धनीयतथा पुनर्वसनसे संबंधितमुख स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना और इसकेसाथ ही,वर्ष 2030 तक प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थय केंद्र मे सुनिश्चित उपचरात्मक मुख स्वस्थय सेवाये उपलब्ध करने का भी लक्षय है |

5.2.4मुखस्वास्थ्यप्रबंधनसूचना

क. वर्ष 2025 तक स्वास्थय प्रबंधन सूचना प्रणालीके अंतर्गत मुख स्वास्थ्य से संबंधित आंकड़ों को ज़िलास्तरीय इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस-के साथसमायोजित करना।

ख. वर्ष 2030 तक ज़िला और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के बीच एकीकृत मुख स्वास्थ्य सूचना तंत्रविकसित करना ।

.6नीतिगतघटक/ नीति की इकाइयां

6.1पर्याप्तबजटप्रावधानआबंटनसुनिश्चितकरना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को, समयबद्ध तरीके से बढ़ाकर, सकल घरेलू उत्पाद का %2.5 करने का प्रस्ताव है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुरूप ही यह नीति देश में मुख स्वास्थ्य देखभाल के दायरे को मजबूत और व्यापक बनाने की दिशा में वित् व्यवस्था/ धन की वस्वस्थाको बढ़ाने पर बल देती है। यह नीति पर्याप्त बजट प्रावधान आबंटन के वैकल्पिक स्रोतों को मान्यता देगी और राज्यों को ऐसे स्रोतों का पता लगाने और उनके उपयोग को प्रोत्साहित करेगी।

6.2व्यापकमुखस्वास्थ्यदेखभाल) संवर्धनात्मक बचाव, रोगनिवारक, उपचारात्मकऔरपुनर्वास(

यह मुख स्वास्थ्य नीति संवर्धनात्मक और रोग निवारात्मक उपायों, जैसे गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक भोजन लेने, निवारक देखभाल करने और मुख स्वास्थ्य की जानकारी देना तंबाकू ,अल्कोहल के दुरुपयोग को रोकना , ,सूचना शिक्षासंप्रेषण व्यवहार परिवर्तन/संप्रेषण, मुख स्वास्थ्य जाँच कार्यक्रम, स्कूल में दंत सफाई-अभियान, पेशेवर दंत स्वच्छता, फ्लोराइड वार्निश एपलिकेशन और पिट एंड फिशर सीलेंट कार्यक्रमों पर

ज़ोर देने के साथ साथ- - व्यापक मुख स्वास्थ्य देखभाल पर केंद्रित करेगी। । इस नीति का उद्देश्य सुनिश्चित और समान उत्तम मुख स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराना है।

6.3 सुलभऔर सस्ती/ किफायती/रियायती मुखस्वास्थ्यदेखभाल :

इस नीति के अंतर्गत ग्रामीण, दुर्गम और जनजातीय क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देते हुए,देश में त्रिस्तरीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के लिए पर्याप्त बुनियादी ढाँचा स्थापित करने का प्रस्ताव है, ताकि व्यापक स्वास्थ्य कवरेज के सिद्धांत के अनुरूप उत्तरदायी, प्राथमिक मुख स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं तक सभी की पहुँच सुनिश्चित हो सकेगी।

स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएँ सभी को मुख स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम हों। इसके अतिरिक्त, यह नीति सूचनाओं और सेवाओं को जन जन में पहुंचने के लिए नई, सरल व साधारण (यूजर फ्रेंडली) तरीको को समझती है । इस नीति का-के लिए राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तरों पर प्रणालियों की भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों को परिभाषित करना, तथा राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य नीति के अनुरूप स्थानीय वक्षेत्रीय मुख स्वास्थ्य नीति के विकास को विकेंद्रित करने की आवश्यकता है।

6.4 जीवनकीगुणवत्ताको बढ़ावा:

यह नीति गुणवत्तापूर्ण जीवन जीने में सहायक मुख स्वास्थ्य अनुकूल वातावरण स्थापित करने का प्रयास करेगी। यह मुख रोगों से संबंधित उचित निवारक, और संवर्धनात्मक उपाय उपलब्ध कराने, तथा सभी आयु के व्यक्तियों के जीवन की मुख स्वास्थ्य संबंधित गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नीति का मुख्य उदेश्य प्राथमिकता वाली आबादी पर विशेष ध्यान देना है।

6.5 अंतर्विभागीयसमन्वय

यह नीति बेहतर परिणाम के लिए अंतर्विभागीयसमन्वय के निम्नलिखित क्षेत्रों से कुशल रणनीतिक एकीकरण की परिकल्पना करती है:

6.5.1 प्रासंगिकराष्ट्रीयस्वास्थ्यकार्यक्रम

नीति का उद्देश्य परस्पर संबद्ध लक्ष्यों वाले अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ काम करना है।इन कार्यक्रमों के सहक्रियाशील एकीकरण से दोनों को अधिक पारस्परिक लाभ होगा।

6.5.2 अंतर-मंत्रालयीसहयोग

मुख स्वास्थ्य के निर्धारक अंतरक्षेत्रीय होने के कारण यह नीति-, कार्यान्वयन और परिणामों पर संयुक्त प्रभाव के लिए विभिन्न मंत्रालयों के संगत कार्यक्रमों के साथ मिलकर काम करने का समर्थन करती है। यह नीति सड़क सुरक्षा, मुखस्वास्थ्य अनुकूल कार्यस्थल-, खेलों के लिए सुरक्षात्मक उपस्कर एवं अन्य क्षेत्रों पर भी अपना ध्यान केंद्रित करते हुए समाज के लक्षित समूहों अथवा समुदाय (जिन्हें विशेष स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता है जैसे जिसमें बच्चे, किशोर, गर्भवती माताएँ,वृद्ध गरीब और हाशिए के लोग शाि◌ल हैं ,) के मुख स्वास्थ्य के प्रचार पर बल देगी।

6.5.3शैक्षणिकसंस्थान

यह नीति देश में डेंटल और स्वास्थय कॉलेजो को सुदृढ़ करने की ओर ध्यान देती है ताकि वे मेडिकल जन क्षमता निर्माण,मॉनिटरिंग और मूल्यांकन के लिए नोडल केंद्र के रूप में कार्य करें। यह जानकारी साझा करने, ऑपरेशनल अनुसंधान के प्रयोजन हेतु राज्य मुख स्वास्थ्य प्रकोष्ठ और डेंटल और मेडिकल कॉलेजो के बीच समन्वय की सुविधा भीप्रदान करेगी और तृतीयक रेफरल केन्द्र के रूप में भी कार्य करेगी।

6.6 सामुदायिकभागीदारी

यह नीति समुदायोंके जन-प्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं, स्वयं सेवी समूहों और सिविल सोसायटी-की भागीदारी को बढ़ावा देती है ताकि समुदाय, स्थानीय संदर्भ में मुख स्वास्थ्य संबंधी कार्यकलापों के संबंध में सुविज्ञ निर्णय लेने।परिणामवश आवश्यकता आधारित योजना बनाने ,कार्यान्वयन ,मॉनिटरिंग और मूल्यांकन करने मेंसामुदायिक भागीदारी सशक्त होगी ।

6.7 साझेदारी

जहाँकहीं सरकारी मुख स्वास्थ्य सेवाएँ पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ कुशल मुख स्वास्थ्य देखभाल वितरण और रोग निवारक एवंसंवर्धनात्मक मुख स्वास्थ्य क्रियाकलापों को सुदृढ़ करने के लिएयह नीति निजी क्षेत्र, विशेष रूप से गैर लाभकारी-संगठनों से सेवाओं की रणनीति आधारित उपलब्धताको मान्यता देगी । इस नीति का उद्देश्य मौजूदा संगठित मुख स्वास्थ्य वितरण प्रणालियोंका सदुपयोग करना है। जिसमें केंद्र सरकार स्वास्थ्य सेवास शस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलोंरेलवे और कर्मचारी राज्य बीमा ,, आईडीए जैसे राष्ट्रीय व्यावसायिक संगठन शामिल हैं,जिनकी 38 राज्य शाखाओं और 645 स्थानीए शाखाओ मे करीब १,४५००० से अधिक सदस्यों का एक बड़ा नेटवर्क है | मानव संसाधनों को जुटनेआऊर क्रापरैट सामाजिक वैज्ञानिक उत्तरदायित्व और भागीदारी को भी सुनिक्षित करवाया जाएगा |

6.8 सामान्यजोखिमकेकारकोंकाअधिगम

यह नीति, एक जैसे कारणों वाले रोगों के अधिगम को एक प्रमुख रणनीति के रूप में उपयोग करते हुए, अन्य गैर-संक्रमण संचारी रोग नियंत्रण नीत-साथ सम्मिलित प्रयास करने की सिफारिश करती है। इससे प्रयासों का दोहराव नहीं होगा और ओरोफेशियल ट्रॉमा-, तम्बाकू, शराब, चीनी का सेवन और खाने की अस्वास्थ्यकारी आदतों का समाधान होगा, जिससे अन्य गैर-संक्रमणरोगों के साथ-साथ ऑरोफाशीयल ,ट्रॉमा, दंत क्षय, मुँह के कैंसर और पेरीयोडोंटल बीमारियों के बोझ को कम किया जा सकेगा।

6.9 सूचनाशिक्षासंप्रेषण/व्यवहारपरिवर्तनसंप्रेषण

यह नीति,उच्च जोखिम और अभिवंचित समुदाय पर विशेष ध्यान देते हुए, स्थानीय क्षेत्रीय संदर्भ में/ जबव्यवहारगत कारणों से उत्पन्न दंत और मुख रोगों, उनकी रोकथाम और स्वास्थ्यवर्धक प्रथाओं के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए लक्षित समुदाय आधारित गतिविधियाँ नियोजित करने का समर्थन करती है। मुख स्वास्थ्य संबंधी प्रभावी संदेशों को विकसित करने की तत्काल आवश्यकता है जिनका प्रयोग संपूर्ण अभियान के समय लगातार किया जा सकता है। यह संदेश जन केंद्रित और लोगों की आकांक्षाओं और मूल्यों के साथ सम्बंधित होने चाहिए। देश में कतिपय सांस्कृतिक या क्षेत्रीय मान्यताओं से उत्पन्न मुख स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों और वर्जनाओं का समाधान करने की भी आवश्यकता है।

6.10 रोगी-केन्द्रितदेखभालकीगुणवत्ता

यह नीति, सांस्कृतिक और सामाजिक कारकों को ध्यान में रखते हुए,सार्वजनिक और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं द्वारा,रोगी को उसकी आवश्यकता अनुकूल तथ्य आधारित-उत्तम मुख स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान करने की आवश्यकता को मान्यता देती है। यह उच्चस्तरीय और प्रलेखित प्रक्रियाओं के माध्यम से मुख स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का समर्थन करती है जिन्हें सभी राज्यों में अपनाया जा सकता है।

6.11 स्वास्थ्यप्रणालीकासुदृढ़ीकरण

इस नीति के तहत देश में स्वास्थ्य देखभाल वितरण और सहायक प्रणालियों के सभी स्तरों पर प्रशिक्षित मुख स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों को नियुक्त करने का प्रस्ताव है। इसमें प्रत्येक राज्य में मुख स्वास्थ्य निदेशालयों में सृजन और पदानुक्रम की स्थापना करके परिभाषित और सुनिश्चित समयावधि में पदोन्नति का प्रावधान किया गया है। यह नीति मुख स्वास्थ्य चिकित्सा दल के सदस्यों के ज्ञान में संवर्धन के लिए सतत शिक्षा प्रदान करने का भी समर्थन करती है।

इस नीति का उद्देश्यदेश मुख स्वास्थ्य ढाँचे को मज़बूत करने के लिए, राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के लिए अधिक से अधिक संसाधनों को संग्रहित करना है । इस नीति के अंतर्गत ऐसे संगठनों और विभागों में भी मुख स्वास्थ्य इकाइयों को स्थापित करने की अनुशंसा की गई है जो स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत नहीं आते हैं। इसके साथ चिकित्सा महाविद्यालयों के मुख स्वास्थ्य इकाइयों को भी सुदृढ़ किया जाएगा जिससे नीति में वर्णित उद्देश्यों तथा लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकेगा।

6.12 मुखस्वास्थ्यअनुसंधान

यह नीति मुख स्वास्थ्य और दन्त विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अनुसंधान के क्षेत्रों में राष्ट्रीय महत्व का मौलिक दंत अनुसंधान, महामारी विज्ञान, संचालन और कार्यान्वयन संबंधी विज्ञान को शामिल किया जा सकता है। यह पूरे भारत में मुख स्वास्थ्य अनुसंधान केंद्रों की स्थापना का समर्थन करती है। इसमें मुख स्वास्थ्य संबंधी अनुसंधान एवं सर्वेक्षण को सुगम बनाने के लिए भिन्न -भिन्न संस्थान शामिल है जैसे उच्च दन्त अध्ययन के लिए राष्ट्रीय ~~स्फस्स-औस~~ अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय संसाधन केंद्र , स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सांख्यिकी प्रभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी

विभाग, जैव-प्रौद्योगिकी विभाग, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद. यह नीति इन सब मंचो का उपयुक्तउपयोग करने के प्रावधान प्रस्तावित करती है।

जहाँ भी संभव होगा, वहाँराष्ट्रीय संस्थानों के साथ/अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान संगठनों/सहयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस नीति में सभी स्तरों पर दंत-शिक्षा और अनुसंधान को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय क्षेत्रीय महत्व/ के उद्योगों और अन्य संस्थानों, जैसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भारतीय विज्ञान संस्थान, क्षेत्रीय तकनीकी संस्थानों के साथ शैक्षणिक साझेदारी को बढ़ावा देने का भी प्रावधान है जिसके तहत/परिणामवश दन्त सामग्रीउपकरण और सा ,मग्री में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ाया दिया जा सके, जिससे आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और लागत मूल्य में कमी आएगी ,इस नीति में "मेक इन इंडिया आंदोलन"और "आत्म निर्भर भारत" के सपने को पूराकरने के लिए संभावनाएँहैं।

यह नीति विभिन्न ऑरोफाशीयल विसंगतियों जेसे मुखिए कैंसर, क्लेफ्ट लीप पैलेट आदि के लिए अंतर्विषयक देखभाल को सुदृढ़ बनाएगी , जिसमें बीमारी के बोझ को कम करने के लिए बहु विषयी देखभाल में दंत-विशेषज्ञों की सक्रिय और प्रारंभिक भागीदारी होगी।

इसमें विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं के तहत समन्वित प्रयासों के माध्यम से भारत में स्थानीय अनुकूल नवाचारों, और दंत चिकित्सा उपकरणोंऔ , औज़ारों और उपभोग्य सामग्रियों के विनिर्माण पर ज़ोरदिया गया है। । दंत चिकित्सा विज्ञान की अभिवृद्धि के लिए तुरंत उपलब्ध होने वाले एक शोध ज्ञान भंडार बनाने की आवश्यकता है ताकि अनुसंधान के दोहराव/ नक़ल या प्रतिलिपि से बचा जा सके और विद्यमान ज्ञान का उपयोग किया जा सके। मुख स्वास्थ्य अनुसंधान के लिए प्रशिक्षित कार्यबल के सृजन की आवश्यकता के साथ साथ मुख-स्वास्थ्य हेतुकिफ़ायती रोग-निवारक रणनीतियों के विकास और कार्यान्वयन के लिए स्वास्थ्य अनुसंधान के वित्तपो-षण, संवर्धन और सुदृढीकरण की आवश्यकता है।

6.13 जिम्मेदारी देख-रेख / ,मॉनिटरिंगऔरमूल्यांकन

यह नीति मानकीकृत प्रोटोकॉल के विकास और एक वैध-एवं विश्वासनियअंतर्विषयक मुख स्वास्थ्य देख-रेखप्रणाली की स्थापना का समर्थन करती है। इससेमुख स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली के सभी घटकों के

संबंध में तथ्य बनाये जायेंगे । इसमें प्रणाली के परिणामों का आँकलन करने के लिए निष्पादन संकेतकों के उपयोग की भी सिफ़ारिश की गई है। इसके तहत सर्वेक्षण परिणामों को एकत्र करने और एक मज़बूत स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली विकसित करने के लिए एक केंद्रीय वेबसाइट स्थापित की जाएगी।

6.14 दंतशिक्षा

यह नीतिदेश में शिक्षित दंत चिकित्सा-स्नातकों, विशेषज्ञों और पैरा-डेंटल कर्मियों के क्षमत वर्धन के लिए दंत शिक्षा में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमेंसंपूर्ण देश में शिक्षा, प्रशिक्षण और मूल्यांकन की एक सामान प्रणाली की परिकल्पना की गई है। परिवर्तित हो रही आवश्यकताओं और वैश्विक रुझानों के अनुरूप शिक्षण अधिगम पद्धति और परीक्षा प्रणाली में सुधार लाने की आवश्यकता है।

साथ ही, नीति वैश्विक स्वास्थ्य पर जोर देगी अंतर-व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी और गैर-तकनीकी कौशल निर्माण और क्षमता निर्माण, दंत शिक्षक/शिक्षक और शोधकर्ता; और दंत चिकित्सकों के लिए और अधिक पोस्ट-डॉक्टरल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार करने पर बन देगी इसके अलावा नीति का उद्देश्य गुणवत्ता को मजबूत करना है

इसमें समग्र स्वास्थ्य संवर्धन पर ध्यान देने के साथ दंत चिकित्सा की सभी विशिष्टताओं में, सभी स्तरों पर उच्च शिक्षा का अनुसंधान और नवाचार प्रदान करने का प्रस्ताव है

6.15 समर्थन

मुख स्वास्थ्य के प्रति राजनीतिक और वित्तीय प्रतिबद्धता में वृद्धि के लिए शासन के सभी स्तरों पर समर्थन आवश्यक है । स्वास्थ्य नीति में मुख स्वास्थ्य को मान्यता देने और संबंधित कार्यक्रमों के साथ इनकेएकीकरण के लिए उपलब्ध तथ्यों और व्यवहारों के आधार पर निरंतरप्रयास किए जाने की भी संभावना व्यक्त कीगयी है ।

6.16 मुखस्वास्थ्यउत्पादों ,दंतउपकरणों ,औजारोंतथावस्तुओंकीउपलब्धता

यह नीति आम जन मानस-को यथोचित मूल्य पर मुख स्वास्थ्य उत्पादों की उपलब्धता को बढ़ावा देती है।मुख स्वास्थ्य देखभाल से सम्बंधित सेवाओं की लागत को नियंत्रित करने और सभी स्तरों, विशेष रूप से समुदाय के स्तरों पर (फ्रंटलाइन),दंत चिकित्सा सुविधाओं पर अच्छी गुणवत्ता के दंत-देखभाल हेतु सामग्रियों को उपलब्ध कराने के लिए यह नीति आपूर्ति श्रृंखलाको मज़बूत बनाने के साधनोपर ध्यान देगी

जिसके संधर्ब में में स्थानीय विनिर्माण और मितव्ययी नवाचारों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। इनमें भारत सरकार की मौजूदा विनियामक संस्थाओं द्वारा दंत चिकित्सा उपकरणों, औज़ारों और सामग्रियों के उत्पादन को विनियमित किए जाने की योजना है। नीति में यह भी उल्लेखित किया गया है कि फ्लोराइडयुक्त टूथपेस्ट,विभिन्न मुख स्वच्छता से सम्बंधित उपकरण तथा दवाएँ,बाज़ार में व्यावसायिक उपयोग के लिए सरकार द्वारा रियायती दरों पर उपलब्ध कराये जाने इन उत्पादों के उपयोग में वृद्धि होगी।

.7 विनियामकढाँचा

7.1 व्यावसायिकशिक्षाकाविनियमन

यह नीति भारत ,सरकार के उपयुक्त निकाय के माध्यम से एक मज़बूत प्रणाली के अंतर्गतदंत चिकित्सा शिक्षा-के विनियमन और मॉनिटरिंग के लिए प्रतिबद्ध है।

7.2 दंत-चिकित्सानैदानिक प्रतिष्ठानोंकाविनियमन

यहनीति मानक संचालन प्रक्रियाओं के माध्यम से सभी दंत प्रतिष्ठानों में उत्तम मुख स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के वितरण के लिए नैदानिक प्रतिष्ठान अधिनियम-के तहत प्रस्तावित दिशा 2010-निर्देशों का समर्थन करती है। इसनीति के तहत,विशेष रूप से ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में, दंत-चिकित्सा क्लीनिकों कीस्थापना की वकालत की गई है । यह नीति दंत-चिकित्सा नैदानिक प्रतिष्ठानों द्वारा केंद्र अथवा राज्य सरकारों द्वारा समय समय पर-निर्गतकिए गए मानक उपचार दिशा-निर्देशों के अनुपालन का समर्थन करती है।

7.3 दंत-चिकित्साउपकरणों, औज़ारोंऔरसामग्रीकाविनियमन

देश में उपलब्ध दंतचिकित्सा उपकरणों-, औज़ारों और सामग्रियों की गुणवत्ता और लागत की निगरानी करने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य नीति - दंतकित्सा उपकरणों/चिकित्सा सामग्री से संबंधित सभी मौजूदा और भावी विनियमों के समर्थन और सुदृढ़ीकरण की अनुशंसा करती है। यह नीति भारत सरकार के पोस्ट मार्केट सर्वेलेन्स/मैटीरियो -विजिलेंस कार्यक्रम के लिए विनियामक ढाँचे का भी समर्थन करेगी।

7.4 मुखस्वास्थ्यअनुसंधान,नीतिऔरपेशेकेवाणिज्यिकनिर्धारकोंकाविनियमन

यह नीति कई अन्य गैर के (एनसीडी)संचारी रोगों-समानमुख स्वास्थ्य के सामान्य जोखिम कारकों के सामाजिक और वाणिज्यिक निर्धारकों की पहचान के लिए प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य इन समान जोखिम कारकों से निपटने के लिए वाणिज्यिक निर्धारकों को विनियमित करने के लिए एक सुसंगत और व्यापक विनियामक और क़ानूनी ढाँचातैयार करना है। यह नीति मुख स्वास्थ्य अनुसंधान,नीति और पेशे पर वाणिज्यिक निर्धारकों के प्रभाव को सीमित करने और स्पष्ट करने के लिए सभी स्तरों पर और सभी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को बढ़ावा देगी।[23,24]

.8 नीतिकेमुख्यविषय

- स्वास्थ्य और वैलनेसकेन्द्रों में मुख स्वास्थ्य के ढाँचे को मज़बूत करके मुख स्वास्थ्य संवर्द्धन तथा सेवा प्रावधानों के अंतर्गत बजटीय प्रावधानों को बढ़ाना।
- सार्वजनिक मुख स्वास्थ्य देखभाल के लिए राज्यों और उनके प्रशिक्षित वर्गीकृत मानव संसाधनों को प्रशिक्षित कर जन स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को मज़बूत करना ।
- दंत स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रावधानों की मॉनिटरिंग ,सुरक्षा ,समानता ,स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुँच , स्वास्थ्य व्यवस्था की जवाबदेही और गुणवत्ता में वृद्धि।
- मुख स्वास्थ्य की सुदृढ़ निगरानी ।
- मुख स्वास्थ्य के आयामों को सभी नीतियों में समेकित करना।
- दंत शिक्षा और दंत सेवा के मध्य समन्वय स्थापित करना जिससे गुणवत्ता का स्तर बनाए रखने की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना ।
- मुख स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए पर्याप्त निधि आवंटित करके सार्थक नीतिगत और बहुविषयक दंत-चिकित्सा अनुसंधान का संवर्धन।[24]

.9 नीतिकीसमीक्षाऔरविकास

यह नीति कार्यान्वयन मॉनिटरिंग और ,प्रभावी मूल्यांकन के लिए एक मज़बूत ढाँचे के विकास को प्रस्तावित करती है, जो आवश्यकताओं में परिवर्तन आने के परिणामस्वरूप समय समय पर नीतियों की समीक्षा करेगी।- इसके अंतर्गत निगरानी और मूल्यांकनढाँचेके अनुरूप परिणाम आधारित गतिविधियाँ अधिक विस्तृत होंगी जिसमें आँकड़ों कोप्, संकलन ,रमाणीकरण तथा विश्लेषण से प्रतिवेदित करने से सम्बंधित सभी आयामों के साथ सूचना प्रणाली को निश्चित समय सीमा-में सशक्त करने का प्रावधान है ।

.10 कानूनीदृष्टिकोण

यह नीति राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, के 2017 मूल सिद्धांतों पर आधारित है तथा यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 ,के समान कानूनी ढाँचे का पालन करती है ।

.11 वित्तीयप्रावधान

मुख स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढाँचे, समस्तरीय सेवा वितरण तथा देखभाल की गुणवत्ता में सुधार के लिए निधि के आबंटन और संवितरण को सरल और कारगर बनाने के लिए यह एक मार्गदर्शी दस्तावेज़प्रमाणित होगा। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा के माध्यम से मुख स्वास्थ्य के लिए आनुपातिक आवंटन की मॉनिटरिंग के लिए एक व्यवस्था बनाई जाएगी । सरकारी ,चिकित्सा देखभाल-निजी क्षेत्र में दंत/ दीर्घकालिक देखभाल और पुनर्वास देखभाल पर खर्चों की अधिक विस्तृत जानकारी कोइकट्ठा करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा के अंतर्गत आँकड़ों के स्त्रोतों को सशक्त किया जाएगा।

.12 हितधारक

इस नीति का लक्ष्य,दस्तावेज़ में निर्धारित रणनीतियों के कार्यान्वयन के लिए, आम जनता, सभी नीति निर्माताओं, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के दंत-चिकित्सीयपेशेवरों, चिकित्सीय पेशेवरों, संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों, संबंधित मंत्रालयों, पेशेवर परिषदों, दंत-चिकित्सीय उपकरणों और उत्पादों के विनिर्माताओं, गैर-लाभकारी संगठनों और कॉर्पोरेट क्षेत्रों को सम्मिलित करना है ।

संदर्भ

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन।https://www.who.int/about/who-we-are/constitutionपर उपलब्ध। [को उपयोग किया गया 24.08.2020 दिनांक]
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन। https://www.who.int/healthpromotion/conferences/previous/Ottawa/en/पर उपलब्ध। [को उपयोग किया गया 24.08.2020 दिनांक]
3. एफडीआई वर्ल्ड डेंटल फेडरेशन। https://www.fdiworlddental.org/पर उपलब्ध। दिनांक] [को उपयोग किया गया 24.08.2020
4. डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया। http://www.dciindia.gov.in/Rule_Regulation /Dentists Act_1948.pdf.पर उपलब्ध। [को उपयोग किया गया 24.08.2020 दिनांक]
5. पॉलिसी स्टेटमेंट -3.3एलाइड डेंटल पर्सनेल। https://www.ada.org.au.पर उपलब्ध। दिनांक] [को उपयोग किया गया 24.08.2020
6. विश्व स्वास्थ्य संगठन। https://www.who.int/news-room/fact-sheets/detail/oral-health.पर उपलब्ध। [को उपयोग किया गया 24.08.2020 दिनांक]
7. वोंग एमसीएमलो ईसीएम ,सांग बीडब्ल्यूके ,ग्लेन्नी एएम ,, वॉरथिंगटन एचवी,मैरिनो वीसीसी। टॉपिकल फ्लोराइड ऐज ए कॉज ऑफ डेंटल फ्लोरोसिस इन चिलड्रेन। कोचरेन डाटाबेस ऑफसिस्टमैटिक रिव्यू ,2010इशु 1.आर्ट. नं.: CD007693. DOI:10.1002/14651858.CD007693.pub2.
8. चेस्टनट आईजी1 .गिब्सन जे ,st ईडीचर्चिल पॉकेट बुक ऑफ क्लीनिकल डेंटिस्टरी यूनाइ .टेड किंगडम : ।(260 .पी ;2000;हारकोर्ट पब्लिशर्स लिमिटेड ,चर्चिल लिविंगस्टोन
9. टिएमजे डिसॉर्डर्स। (https://www.nidcr.nih.gov/sites/default/files/2017-12/tmj-disorders.pdf)पर उपलब्ध। [को उपयोग किया गया 24.08.2020 दिनांक]

10. शीहैम ए जनरल हेल्थ एंड क्वॉलिटी ऑफ लाइफ। बुलेटिन ऑफ वर्ल्ड हेल्थ ,ओरल हेल्थ . .720-641:(9)83;2005.ऑरगनाईजेशन

11. कासेबाऊम एनजे ,रिजनल एण्ड नैशनल प्रेवलेन्स ,ग्लोबल .ईटी अल ,बरनाबे ई ,स्मिथ एजीसी , इनसीडेंस, एण्ड डिसएबिलिटी-1990 ,कंट्रीज 195 एडजसटेड लाइफ ईयर्स फॉर ओरल कंडिशन्स फॉर-इंजुरीज एण्ड रिस्क फ़ैक्टर्स। जे ,ए सिस्टमैटिक अनैलिसिस फॉर द ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजिज :2015 .10:डीओआई .387-380:(4)96;2017 .डेन्ट रेज1177/0022034517693566 .

12. लिस्टल एसगैलोवे जे ,, मॉस्से पीए ग्लोबल एकोनॉमिक इम्पैक्ट ऑफ डेंटल डिजीज। .मरकेनेस डब्ल्यू , .जर्नल ऑफ डेंटल रिसर्च2015अक्तूबर;94(10):1355-61.

13. गणेश ए -प्रीवलेन्स ऑफ अर्ली चाइल्डहुड केरीज़ इन इंडिया .किरुबकरण आर .मोहन ए ,मुथू एमएस , .ए सिस्टमैटिक रिव्यू। इंडियन जे पेडियात्र2019;86(3):276-286. डीओआई:10.1007/एस12098-018-2793-वाय।

14. शाह एन सुंदरम केआर। ओरल हेल्थ इन इंडिया। ,प्रकाश एच ,माथुर वीपी ,दुग्गल आर ,पांडे आरएम , स्वास्थ्य और परिवार कल्याण ,सेंटरिक स्टडी। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय-ए रिपोर्ट ऑफ मल्टी)http://www.whoindia.org/en/section20/Section30_1525.htm.पर उपलब्ध।(

15. शाईहैम ए ए रैशनल बेसिस फॉर प्रोमोटिंग ओरल हेल्थ। :वाट आरजी। द कॉमन रिस्क फैक्टर अप्रोच , 2000 .कम्यूनिटी डेन्ट ओरल एपीडेमीऑलदिसंबर .406-399:(6)28;

16. ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी .2017 http://www.healthdata.org/sites/default/files/files/policy_report/2019/GBD_2017_Booklet.pdfपर उपलब्ध। [को उपयोग किया गया 24.08.2020 दिनांक]

17. नेशनल हेल्थ प्रोफाइल .2018http://www.india environment portal.org.in/files/file/NHP%202018.pdf को उपयोग 24.08.2020 दिनांक] पर उपलब्ध। . [किया गया

18. इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैन्डर्ड। http://www.cghealth.nic.in/cghealth17/Information/content /IPHS/DGHS_IPHS_CommunityHealthCentres.pdf.पर उपलब्ध। 24.08.2020 दिनांक] [को उपयोग किया गया

19. नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेंटर । नेशनल हेल्थ अकाउंट्स(स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय) .2019 .17-2016 एस्टीमेट्स फॉर इंडिया http://nhsrcindia.org/sites/default/files/FINAL%20National%20Health%20Account s%2 02016-17%20Nov%202019-for%20Web.pdf.पर उपलब्ध।

20. ।(सीआरएम) वां कॉमन रिव्यू मिशन 11http://nhsrcindia.org/sites/default/files/ 11th%20CRM_Report_Web.pdf.पर उपलब्ध। [को उपयोग किया गया 24.08.2020 दिनांक]

21. वॉट आरजी वेअंत ,लिस्टिल एस ,वेनटुरेली आर ,मैकफेरसन एलएमडी ,अलीसॉन पी ,डेली बी , बेन्जियान ,केयर्नस सी ,पेरेस एमए ,सेलेस्टे आरके ,हेरेनो सीसी-गुआरनिजो ,माथुर एमआर ,आरजे टाइम फॉर रैडिकल एक्श :एन्डिंग द नेगलेक्ट ऑफ ग्लोबल ओरल हेल्थ .एचन। लैन्सेट ;2019 .272-394:261

22. विश्व स्वास्थ्य संगठन। राईटिंग ओरल हेल्थ पॉलिसी । ए मैनुअल फॉर ओरल हेल्थ मैनेजर्स इ डब्लयूएचओ अफ्रीकन रीजन, .2005]https://apps.who.int/iris/bitstream/handle/10665/204462/AFR_ORH_05.1.pdf?se quence=1&isAllowe d=yपर उपलब्ध।[

23. पीटरसेन पीई ओरल हेल्थ थ्रू प्राइमरी हैल्थ केयर। मेड प्रिंक :स्ट्रैंगथनिग ऑफ ओरल हेल्थ सिस्टम्स , 23;2014 .प्रैक्टसपल .9-3:(1 सपल)1 .डीओआई 2014 ईपीयूबी .000356937/10.1159 : .12 फ़रवरीपीएमआईडी .5586948 पीएमसी :पीएमसीआईडी ;24525450 :

24. पेरेस एमएमैक ,फेरसोन एलएमडी लिस्टिल ,माथुर एमआर ,वेनटुरेली आर ,डेली बी ,वेअंत आरजे , बेन्जियान एच ,केयर्नस सी ,हेरेनो सीसी-गुआरनिजो ,सेलेस्टे आरके ,एस, अलीसोन पी वाट , .260-394:249;2019 लैन्सेट .ए ग्लोबल पब्लिक हेल्थ चेलेंज :आरजी। ओरल डिजीज